Headline: TDI raises Rs. 110 crores

टीडीआई ने जुटाए 110 करोड़

नई दिल्ली ◆ रियल्टी कंपनी टीडीआई इंफ्रास्ट्रक्चर ने कहा है कि इसने हरियाणा के कुंडली में बन रही अपनी 29 एकड़ की परियोजना के लिए प्राइवेट इक्विटी फर्म कोटक रियल्टी फंड से 110 करोड़ रुपये की पूंजी जुटाई है। टीडीआई इंफ्रास्ट्रक्चर के मैनेजिंग डायरेक्टर कमल तनेजा ने बताया कि हम हरियाणा के सोनीपत जिले के कुंडली में अपनी 1,250 एकड़ की एकीकृत टाउनशिप में 29 एकड़ की ग्रुप हाउसिंग परियोजना ला रहे हैं। कोटक रियल्टी फंड ने इस परियोजना में 110 करोड़ रुपये का निवेश किया है। हालांकि, उन्होंने यह जानकारी नहीं दी कि इस पूंजी के बदले कोटक रियल्टी फंड को परियोजना की कितनी हिस्सेदारी दी गई है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना को अगले माह लांच किया जाएगा और इसकी कीमत 4,000 रुपये प्रति वर्ग फुट के आसपास होगी। **(ब्यूरो/एजेंसियां)**